# 11 शहरों के 42 केंद्रों पर यूपी कैटेट आज से, 18,560 छात्र होंगे शामिल

## कंपनी के ब्रांड वाली टी-शर्ट, कैप पहनकर आने पर परीक्षा केंद्र में छात्रों को नहीं मिलेगा प्रवेश


माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपीकैटेट) 11 और 12 जून को 11 शहरों में आयोजित होगी। दो दिनों में 18560 परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए इस बार एग्जाम के दौरान परीक्षार्थी के अंगुलियों के निशानों को सुरक्षित कर लिया जाएगा। इनका मिलान काउंसलिंग के दौरान होगा। काउंसलिंग और परीक्षा के दौरान अंतर मिलने पर परीक्षा निरस्त कर परीक्षार्थी पर कार्रवाई की जाएगी। शहर में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

यूपीकैटेट का आयोजन इस साल सीएसए करा रहा है। परीक्षा के लिए 11 शहरों में कुल 42 केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन 26 केंद्र पर स्नातक पाठ्यक्रम और दूसरे दिन 10 केंद्र पर परास्नातक व पीएचडी की परीक्षा होगी। वहीं, दोपहर बाद छह केंद्र पर एमबीए पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा होगी।

सीएसए के कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय ने बताया कि स्नातक की प्रवेश परीक्षा 11 जून को सुबह नौ से 12 बजे तक होगी। स्नातक में 13496 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, परास्नातक और एमबीए की परीक्षा नौ से 12 और दोपहर तीन से पांच बजे तक होगी।

परीक्षा के लिए अयोध्या, आगरा, मेरठ, बरेली, झांसी, लखनऊ, वाराणसी, बांदा, आजमगढ़, कानपुर, गोरखपुर में केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों के लिए पर्यवेक्षक और नोडल अधिकारी तय किए गए हैं। इस परीक्षा के परिणाम के अनुसार प्रदेश की सभी पांचों कृषि विश्वविद्यालयों चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि कानपुर, आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि अयोध्या, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि मेरठ, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि तथा गौतम बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि कुशीनगर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।




**परीक्षार्थी के अंगुलियों के निशान लिए जाएंगे, काउंसलिंग के दौरान इनसे किया जाएगा मिलान**

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि यदि कोई भी परीक्षार्थी किसी कोचिंग की टोपी, टी-शर्ट आदि पहन कर आता है तो उसे परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षा से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कुलसचिव की ओर से गठित टीमों ने सभी परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर परीक्षा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया है।

## बीटेक के साथ इकोनॉमिक्स, सोशल साइंस की भी कर सकते पढ़ाई

कानपुर। आईआईटी कानपुर में ड्युअल डिग्री के लिए कौन से साल में आवेदन करना होता है, क्या दूसरे साल में ब्रांच बदल सकती है, बीटेक इन मैनेजमेंट कोर्स क्या है, इसका भविष्य क्या है, क्या ब्रांच बदलने के इच्छुक छात्रों को मनचाही ब्रांच मिल सकती है। कुछ ऐसे ही सवाल मंगलवार को आईआईटी कानपुर की ओर से जेईई एडवांस्ड पास छात्रों के लिए आयोजित ओपन हाउस में पूछे गए। छात्रों को बताया गया कि बीटेक के साथ इकोनॉमिक्स, सोशल साइंस, ह्युमैनिटीज, मैनेजमेंट की भी पढ़ाई कर सकते हैं।

हाईब्रिड मोड पर आयोजित ओपन हाउस में छात्र ऑनलाइन और ऑफलाइन जुड़े। संस्थान ने उत्तीर्ण अभ्यर्थियों और उनके परिवार के लिए कैंपस देखने की भी व्यवस्था की। इसके लिए सुबह 10 बजे बातचीत सत्र का आयोजन हुआ। आईआईटी निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने छात्रों को कैंपस के बारे में बताया। काउंसलिंग के दौरान अगर पसंदीदा ब्रांच नहीं मिलती है तो ब्रांच बदलने का विकल्प उनके पास खुला है। छात्र की आवेदन और




**आईआईटी में आयोजित ओपन हाउस में जेईई एडवांस्ड के छात्रों के सवालों पर मिला जवाब**

पहले साल की सीपीआई और शैक्षणिक रिकार्ड के आधार पर ब्रांच को बदला जा सकता है। हालांकि ब्रांच में सीट खाली होना भी जरूरी है।

डीन प्रो. अमय करकरे ने कहा कि परिवार, दोस्तों की सलाह पर ब्रांच का चुनाव न करें। संस्थान में स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी लागू है। अगर छात्र पढ़ाई के दौरान ही उद्यमिता में आगे आना चाहता है तो बीटेक से छुट्टी लेकर ऐसा कर सकता है। अगर छात्र सफल नहीं होता है तो वापस आकर बीटेक को पूरा कर सकता है। अंग्रेजी में कमजोर छात्रों को भाषा की जानकारी दी जाती है। (ब्यूरो)

## मखाना, हींग पान के पौधे र आकर्षण का के




ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का शुभारंभ डॉक्टर वंदना पाठक। स्रोतः वि

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महार में विश्व योग दिवस 2025 के प्रकृति से स्वास्थ्य संवर्धन विष दिवसीय प्रकृति का महत ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का शुभार मुख्य अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेद वंदना पाठक, प्रति कुलपति कुमार अवस्थी रहे।

डॉ. वंदना ने कहा कि वाटिका जन सामान्य के महत्वपूर्ण केंद्र है। लगभग 18 औषधीय जीवनदायनी पौधे शोभा को जीवंत कर रहे हैं। मखाना, हींग, पान, मडूकपर्णी रुद्राक्ष जैसे पौधे मुख्य आक बने। स्कूल ऑफ एडवांस्ड साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के हिमांशु त्रिवेदी ने बताया कि प्र आठ बजे से शाम 7 बजे रहेगी। कार्यक्रम में प्रभारी प्रवीण भाई पटेल, डॉ. रंजन अंकित सिंह भदौरिया, ड तिवारी, डॉ. रोहित, डॉ. श्रेय बाजपेई, सुभाष मौजूद रहे।

दैनिक
# उद्योग नगरी टाइम्स
E-mail : dainikudyognagritimes@gmail.com
सत्य ही कर्तव्य
वर्ष: 15 अंक : 140 कानपुर, बुधवार 10 जून 2025 RNI UPHIN/2010/47220

# 11 एवं 12 जून 2025 को यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा



अनवर अशरफ

कानपुर यू एन टी । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर समेत प्रदेश के पांचो कृषि विश्वविद्यालयो में प्रवेश के लिए यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा 2025 दिनांक 11 एवं 12 जून 2025 को होगी। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष यूपीकैटेट प्रवेश परीक्षा चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा आयोजित कराई जा रही है। सीएसए के कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश के 11 शहरों मे कुल 42 परीक्षा केंद्रों पर यूपीकैटेट प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि स्नातक की 11 जून 2025 को प्रात: 9:00 बजे से 12:00 तक प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। डॉ उपाध्याय ने बताया कि स्नातक के 13496 परीक्षार्थी दिनांक 11 जून 2025 को प्रवेश हेतु परीक्षा देंगे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि प्रवेश परीक्षा से संबंधित प्रदेश के समस्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा से संबंधित तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि कुलसचिव द्वारा गठित टीमों द्वारा समस्त परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर प्रवेश परीक्षा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया है।


# सत्य का असर समाचार पत्र

11,06,2025jksingh, Hardoi gmail,com 9956834016

11th June 2025 jksingh.hardoi@gmail.com website: ??????.???? 9956834016

## चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर समेत प्रदेश के पांचो कृषि विश्वविद्यालयो में प्रवेश के लिए यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा

### 11 एवं 12 जून 2025 को यूपीकैटेट प्रवेश परीक्षा



**पत्रकार जितेंद्र कुमार सिंह पटेल**

सत्य का असर समाचार पत्र कानपुर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर समेत प्रदेश के पांचो कृषि विश्वविद्यालयो में प्रवेश के लिए यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा 2025 दिनांक 11 एवं 12 जून 2025 को होगी। ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष यूपीकैटेट प्रवेश परीक्षा चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा आयोजित कराई जा रही है। सीएसए के कुल सचिव डॉक्टर पी के उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश के 11 शहरों मे कुल 42 परीक्षा केंद्रों पर यूपीकैटेट प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि स्नातक की 11 जून 2025 को प्रातः 9:00 बजे से 12:00 तक प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। डॉ उपाध्याय ने बताया कि स्नातक के 13496 परीक्षार्थी दिनांक 11 जून 2025 को प्रवेश हेतु परीक्षा देंगे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि प्रवेश परीक्षा से संबंधित प्रदेश के समस्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा से संबंधित तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि कुलसचिव द्वारा गठित टीमों द्वारा समस्त परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर प्रवेश परीक्षा से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया है।

News Banner Maker